E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/486/2025 दिनांक : 07/05/2025

संशोधित

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/परीक्षा केन्द्राध्यक्ष/नोडल केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय : प्रयोगात्मक परीक्षा कार्य से सम्बन्धित शिक्षकों के बैंक खाता सम्बन्धी विवरण उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में सूचित करना है कि एन0ई0पी0 की सत्र 2022–23 एवं 2023–24 की प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कार्य से सम्बन्धित शिक्षकों के भुगतान किए जा चुके हैं, परन्तु कतिपय शिक्षकों का बैंक खाता सम्बन्धी विवरण ई0आर0पी0 पोर्टल पर उपलब्ध न होने के कारण उनके पारिश्रमिक का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं हो सका है। ऐसे समस्त शिक्षकों का बैंक खाता सम्बन्धी विवरण पोर्टल पर अपडेट किया जाना आवश्यक है, जिस हेतु सम्बन्धित शिक्षकों को एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है।

अतः आदेशानुसार आपसे अनुरोध है कि प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा कार्य से सम्बन्धित अपने महाविद्यालय के शिक्षकों के बैंक खाता सम्बन्धी स्पष्ट विवरण विश्वविद्यालय के ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से College Login →Teacher Account →Teacher Wise Bank Details List/ Teacher Wise Bank Details Update पर दिनांक 15.05.2025 तक अनिवार्य रूप से अपडेट कराने का का कष्ट करें, जिससे भुगतान सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही की जा सके। उक्त तिथि के पश्चात् भुगतान हेतु प्रेषित बैंक खाता सम्बन्धी विवरण पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा सम्बन्धित शिक्षकों को प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा से सम्बन्धित पारिश्रमिक का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं होगा।

भवदीय

(राकेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक
Vijay

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैय0 सहायक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0/कोडिंग विभाग।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

07/05/25

(राकेश कुमार मिश्र)
उप–कुलसचिव (परीक्षा)
Vijay